


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 39 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 21 नवम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया

आवश्यकता है
दैनिक गुरु एक्सप्रेस
की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है।
वेतन योग्यता अनुसार
(मंदसौर निवासी ही सम्पर्क करें)
संपर्क
संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक
कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस
9425105928. 8319964648

## पशुपतिनाथ मेला: भोजन शाला से नहीं हटा ग्रहण..!

### पुस्तकालय भी मिस्टर इंडिया, कोरोना की रवानगी के बाद भी उदासीन जिम्मेदार

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस। पशुपतिनाथ मंदिर और पशुपतिनाथ मेले को लेकर करोड़ों रुपया खर्च किया जा रहा है। सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार करने की बात भी कही जा रही है। लेकिन, श्रद्धालुओं के लिए तैयार की गई भोजन शाला की सुविधा पर लगा ग्रहण अब तक नहीं हट पाया है। कोरोना के समय भोजन शाला बंद की गई थी। लेकिन, कोरोना की रवानगी के बाद इस और ध्यान ही नहीं दिया गया। वर्तमान की बात करें तो दूर-दूर से श्रद्धालु पशुपतिनाथ मेले में पहुंचते हैं। जहां प्राथमिक तौर पर श्रद्धालुओं की सुविधाके लिए भोजनशाला को शुरु करवाया जाना था। वहीं इस और जिम्मेदारों का ध्यान ही नहीं जा रहा है। यही स्थिति पुस्तकालय की भी है। पांच साल पहले बाढ़ का शिकार हुआ पुस्तकालय भी फिर से शुरु होने का इंतजार कर रहा है।**



कोरोना के चलते चार साल पहले भगवान पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में चलने वाले भोजनशाला को भी बंद किया गया था। लॉकडाउन हटे इतने साल बीत गए। सब कुछ चालू होने के साथ सामान्य है। लेकिन, मंदिर की भोजनशाला पर लॉकडाउन का लगा ग्रहण अब तक नहीं हटा और चार साल बाद भी भोजनशाला फिर से शुरू नहीं हो पाई। जबकि, इसके संचालन के लिए कई दानदाता आगे आए है। वहीं मंदिर के इतिहास से जुड़ा साहित्य सहित अन्य आध्यात्मिक किताबों के साथ पुस्तकालय भी यहां शुरू किया गया था, जो बाढ़ के बाद बंद हुआ। वह भी अब तक शुरू नहीं किया गया। इतने सालों के बाद भी अधिकारी व जनप्रतिनिधि इन्हें शुरू करने में रूचि नहीं दिखा रहे है। जबकि, पूर्व में तत्कालीन कलेक्टरो ने यह व्यवस्था शुरू की थी। उन कलेक्टर के जाने के बाद इस पर किसी ने अब तक ध्यान नहीं दिया। एक ओर पशुपतिनाथ लोक बन रहा है। वहीं दूसरी और जो व्यवस्था व सुविधा पहले से भक्तों की सुविधा व मंदिर की ख्याति बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई, जो अब बंद है। बावजूद उन्हें शुरू करने के लिए पहल तक नहीं की जा रही है।

#### पुस्तकालय हुआ बाढ़ प्रभावित तो कोरोना ने लगाए भोजन शाला पर ताले...

तत्कालीन कलेक्टर ओपी श्रीवास्तव ने पशुपतिनाथ की ख्याति बढ़ाने के उद्देश्य से मंदिर के इतिहास और भगवान शिव से जुड़े ग्रंथों को लेकर पुस्तकालय की शुरूआत की थी। लेकिन, वर्ष 2019 में आई बाढ़ के बाद पानी भर गया तो अधिकांश किताबें खराब हो गई थी। इसके बाद अब तक पुस्तकालय फिर से शुरू नहीं किया गया। इसके लिए किसी ने पहल तक नहीं की। इसके अलावा तत्कालीन कलेक्टर मनोज पुष्प ने पशुपतिनाथ पर आने वाले भक्तों के लिए भोजनशाला की शुरूआत की थी। इसका बेहतर संचालन भी शुरू हुआ। लेकिन, वर्ष 2020 में कोविड के लॉकडाउन के चलते इसे बंद किया तो चार साल की लंबी समयावधि बीतने के बाद अब तक इसे फिर से शुरू नहीं किया गया और ना ही इसके लिए किसी ने पहल की। प्रबंध समिति से लेकर प्रशासन व जनप्रतिनिधि स्तर तक इसके लिए आवाज नहीं उठी। ऐसे में कुछ माह चलकर भोजनशाला बंद हो गई। इसके संचालन के लिए कई भक्त आगे आए थे। लेकिन, प्रशासनिक इच्छाशक्ति के अभाव में यह फिर से शुरू नहीं हो सकी।

#### कांग्रेस सरकार बनी तो भंग हुई समिति...

वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद जब कांग्रेस सरकार बनी तो मंदिरों की प्रबंध समितियों को भंग किया गया। इसके बाद 6 साल का समय बीत गया। लेकिन, अब तक शासन स्तर से फिर से पशुपतिनाथ मंदिर की प्रबंध समिति का गठन ही नहीं किया गया। इसके चलते पशुपतिनाथ लोक निर्माण से लेकर मंदिर की व्यवस्थाओं से जुड़े सहित अन्य निर्णय में लेटलतीफी होती आ रही है। इसमें पशुपतिनाथ मंदिर प्रबंध समिति भंग हो गई। अभी जो संचालन कर रहे है, वह सभी मनोनीत सदस्य है। इसमें कलेक्टर से लेकर अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि शामिल है। मंदिर प्रबंध समिति के अभाव में भी व्यवस्थाओं से जुड़े मामलों में लेटलतीफी होती आ रही है।

## शहर की सड़के नहीं हुई चौड़ी

### धरातल पर नहीं उतरा मास्टर प्लान, कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं गंभीर

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** इन दिनों शहर सहित जिले में यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। सालों से सुधार के लिए अधिकारी दिशा-निर्देश जारी कर रहे हैं। कुछ समय पहले यातायात पुलिस ने यातायात सुधार के लिए मास्टर प्लान बनाया था। लेकिन, आज तक इस पर कोई काम नहीं हो सका। जिले की यातायात व्यवस्था में सुधार के नगरपालिका के गठन के बाद यातायात पुलिस ने यह मास्टर प्लान तैयार कर नपा, पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन को भेजा। लेकिन, किसी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। हालांकि यह धरातल पर नहीं उतरा। यही कारण है कि सड़के चौड़ी होने की बजाय सकरी हो गई। इसका कारण है संस्थानों और दुकानो के बाहर खडे वाहन।

#### इन मार्गो का चौड़ीकरण का था प्लान

- महाराणा प्रताप बस स्टैंड से प्रतापगढ़ पुलिया तक।
- गुप्ता कचोरी कॉर्नर से संजीत नाका तक।
- घंटाघर से शुक्ला चौक तक माधवगंज से जगतपुरा तिराहा तक।
- गांधी चौराहा से बड़े बालाजी मंदिर नेहरू बस स्टैंड तक।
- धानमंडी उतार से बडा चौक, गणपति चौक, शुक्ला चौक तक।
- आंबेडकर चौराहा, किला रोड से पशुपतिनाथ मंदिर तक।

सालों से शहर की यातायात व्यवस्था सुधार की बातें ही हो रही हैं। अधिकारी निर्देश भी देते हैं। बीते 12 अप्रैल को 2019 को तत्कालीन कलेक्टर ने जीआईएस मैप तैयार कर समाधान का पूरा प्लान बनाने के निर्देश दिए। जबकि, 06 मार्च 2020 को सड़क इंजीनियरों की टीम बुलाकर स्मार्ट सिटी की तर्ज पर शहर का यातायात प्लान बनाने का निर्णय हुआ। अधिकारियों के तबादले होते ही योजनाएं ठंडे बस्ते में चली जाती हैं। आखिरकार अगस्त 2022 में यातायात पुलिस ने अपने स्तर पर शहर की यातायात व्यवस्था का मास्टर प्लान बनाया। यह नपा अधिकारी, पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन को भी दिया। लेकिन, आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसमें सुधार कार्य जैसे मल्टी लेवल पार्किंग, रोड चौड़ीकरण, चौराहा सुधार कार्य नपा द्वारा कराया जाना था।

#### चौराहों पर टर्न लेते समय रहता है हादसे की आशंका...

पुलिस ने अपने मास्टर प्लान में शहर के तीन चौराहों पर बनी रोटरी में भी सुधार के सुझाव दिए थे। बीपीएल चौराहा, महाराणा प्रताप बस स्टैंड एवं महारानी लक्ष्मी बाई चौराहा पर बने रोटरी गलत बने हैं। इन सभी चौराहे पर बने रोटरी चौराहा के केंद्र में नहीं है। जिससे गलत तरह से वाहनों को टर्न लेना पड़ता है। ऐसे में हादसे की आशंका रहती है। महारानी लक्ष्मीबाई चौराहा पर तो रोटरी एक तरफ बनी हैं, जिससे सहकारी बाजार जाने के लिए वाहन चौराहा से पहले ही टर्न लेते हैं। सामने से आने वाले वाहन से टकराव की स्थिति आए दिन बनती है।

#### बेसमेंट में पार्किंग बताई, बना दिए गोदाम व दुकानें...

भवन निर्माण के समय शासन के नियमानुसार साइज के अनुसार कॉम्प्लेक्स, मॉल में पार्किंग एरिया देना जरूरी है। हैरानी की बात है कि जिले तो दूर शहर में एक भी शासकीय शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में भी पार्किंग नहीं है। बड़े भवनों के नक्शों में बेसमेंट में पार्किंग बताई। लेकिन, सभी में गोदाम या दुकानें बना दी। इस अव्यवस्था के लिए स्थानीय प्रशासन ही जिम्मेदार हैं। नतीजा यह है कि दुकानों में जाने वाले ग्राहक सड़क पर वाहन खडे करते हैं।

## पेयजल की शुद्धता पर सवाल..?

### स्कूलों और आंगनवाड़ी में जुगाड़ का पानी, कालेज भी अछूते नहीं

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** बच्चों को स्कूल में पहुंचाने से पहले वार्मअप के लिए आंगनवाड़ी केंद्र खोले गए। जिससे बच्चों को स्कूल जाने में ज्यादा दिक्कत नहीं हो। लेकिन, अव्यवस्थाओं के हालात यह है कि पानी की सुविधाएं ही स्कूलों और आंगनवाड़ी में नहीं है। हैंडपंप तो कहीं सरकारी या निजी नल से जुगाड़ कर पानी का जुगाड़ करना मजबूरी बना हुआ है। 15 अक्टूबर को स्कूलों में हाथ धुलाई दिवस मनाया जाता है। जब पीने के पानी का ही जुगाड़ किया जा रहा है तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि बच्चों को हाथ धोने की आदत कैसे डाली जाएगी? सिर्फ एक दिन हाथ धोने के के लिए पानी की व्यवस्था का जुगाड़ किया जाता है। इसके अलावा 17.50 करोड़ रूपए स्कूलों में पानी की व्यवस्था के लिए कुछ समय पहले खर्च किए गए। लेकिन, चंबल योजना की तरह यह व्यवस्था भी प्यास नहीं बुझा पाई। पीएचई द्वारा करोड़ो रुपए से स्कूलों व आंगनवाड़ियों में की गई पेयजल व्यवस्था एक माह भी नहीं चल पाई। कहीं टाइल्स व शेड उखड़ गए तो कहीं टोटियां ही नहीं। कहीं मोटरें बंद हैं तो कहीं कनेक्शन व टंकी ही नहीं है। स्थिति यह है कि बच्चे दिनभर पीने के लिए साथ में लाई बोतल के ही भरोसे हैं। कुछ शिक्षकों ने जनसहयोग व निजी खर्चे से स्थिति सुधारने का प्रयास किया, लेकिन अब वे भी हताश हैं।

बता दें कि जिले के 1167 स्कूलों व आंगनवाड़ियों में पेयजल व्यवस्था के नाम पर 17 करोड़ 62 लाख रुपए खर्च किए गए। कोरोनाकाल में शुरू हुए कार्य को विभाग ने पिछले सत्र से पूर्व ही पूरा किया। इसके अंतर्गत नलकूप पर सिंगल फेज सबमर्सिबल पंप, प्याऊ में 3/6 टेप कनेक्शन कार्य मय शेड के, एचडीपीई टंकी 500 या 1000 लीटर क्षमता, किचन में पेयजल व्यवस्था, मिनी पंप हाउस, मोटरपंप और केबल या रस्सी सहित अन्य कार्य करना था। अधिकतर स्कूलों में स्थिति कुछ और ही है।

जानकारी के अनुसार जिले के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में स्वच्छ पानी विद्यार्थियों को नहीं मिल रहा है। यह हम नहीं विभाग के आंकड़े बंया कर रहे है। जिला मुख्यालय सहित जिले के कई प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में जुगाड़ कर विद्यार्थियों के पानी की व्यवस्था की जा रही है। कहीं कुए से तो कही हेडपंप से तो कहीं होद से पानी पिलाया जा रहा है। जो कि स्वच्छ नहीं है। डॉक्टरों की माने तो स्वच्छ पानी नहीं पीने से कई तरह की गंभीर बिमारियां भी हो सकती है। अपवाद छोड़ दे तो कही भी विद्यार्थियों के पीने के पानी में ना फिटकरी डाली जा रही है और ना ही क्लोरीन की गोलियां।

#### डाक्टरो का कहना...

चिकित्सकों के मुताबिक कुए, हेडपंप का पानी नहीं पीना चाहिए। बारिश की मौसम के दौरान तो पीना खतरनाक साबित हो सकता है। कुए और हेडपंप से पानी पिया जा रहा है तो उसको बगैर स्वच्छ किए नहीं पीना चाहिए। गंदा पानी पीने से डायरिया, उल्टी, पीलिया, टाइफाइड जैसी खतरनाक बीमारी हो सकती है। पानी को फिटकरी, क्लोरीन की गोली या आरओ से स्वच्छ कर के ही पीना चाहिए।

## प्रदेश में हर 200 किमी पर एक एयरपोर्ट और विकासखंड स्तर पर बनेंगे हेलीपैड, नई विमानन नीति में होगा प्रावधान



**भोपाल, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश में प्रत्येक 200 किमी पर एक एयरपोर्ट बनाया जाएगा। ये एयरपोर्ट पीपीपी मोड पर बनाए जाएंगे। वहीं, 150 किमी की दूरी पर हवाई पट्टी भी बनाई जाएगी, ताकि प्रदेश में जिला स्तर पर सुदूर अंचल में पहुंचने के लिए हवाई यातायात उपलब्ध हो सके। हवाई पट्टियों का विकास होने से पर्यटन और उद्योग की संभावनाएं विकसित होगी।

मध्य प्रदेश सरकार अपनी नई विमानन (एविएशन) नीति बना रही है। इसके तहत प्रदेश सरकार निवेश को प्रोत्साहित करने की कार्ययोजना बनाकर काम करेगी। इसमें यातायात को सुगम बनाने के लिए हवाई सेवाओं के विस्तार पर फोकस किया जा रहा है। इसके अलावा प्रत्येक विकासखंड स्तर पर एक हेलीपैड बनाया जाएगा। यह कार्य लोक निर्माण विभाग करेगा।



#### बढ़ेगी रीजनल कनेक्टिविटी...

प्रदेश में रीजनल कनेक्टिविटी योजना उड़ान के तहत कम दूरी की उड़ानें संचालित की जा रही हैं। वहीं छोटे शहरों से भी दो राज्यों के बीच उड़ान शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। इसके तहत राज्य सरकार ने हर 200 किमी पर एयरपोर्ट बनाने का निर्णय लिया है।

बता दें कि प्रदेश के 55 जिलों में से 31 जिलों में हवाई पट्टी है। इसके अलावा सार्वजनिक संगठनों और निजी क्षेत्रों की हवाई पट्टियां भी हैं। इनमें दमोह (डायमंड सीमेंट), शहडोल (ओरिएंट पेपर मिल), नागदा (ग्रेसिम) हवाई पट्टी हैं। इन्हें जेट विमान के उड़ान योग्य तैयार किया जा रहा है। इनके अलावा इंदौर, ग्वालियर, भोपाल, छतरपुर (खजुराहो) एवं जबलपुर में राष्ट्रीय विमान पत्तन प्राधिकरण (एएआइ) के हवाई अड्डे हैं।

#### छोटे विमान भी चलेंगे...

धार्मिक पर्यटन स्थलों के लिए छोटे विमान संचालित किए जाएंगे। धार्मिक एवं अन्य प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों को वायु सेवा से जोड़ने के लिए पर्यटन विभाग वेंचुरा, अर्चना एयरवेज जैसी सहायता प्राप्त योजनाएं लाने जा रहा है। विमानन विभाग और पर्यटन विभाग के बीच सहमति बन गई है। पर्यटन विभाग पीपीपी के तहत छोटे रूट पर विमानों का संचालन शुरू करने पर काम कर रहा है।

## मध्य प्रदेश में कांग्रेस बनाएगी मोहल्ला समितियां, 35-40 घरों के लिए तैनात होगा एक कार्यकर्ता

**भोपाल, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में कांग्रेस पार्टी संगठन को विस्तार और मजबूती देने के लिए अब मोहल्ला समितियां बनाएगी। 35 से 40 घरों के लिए एक कार्यकर्ता की तैनाती की जाएगी। पार्टी की प्राथमिक इकाइयां वार्ड, पंचायत, बूथ कमेटियां होंगी। इसके साथ ही मप्र विधानसभा के 16 दिसंबर से प्रारंभ होने वाले शीतकालीन सत्र के दौरान भोपाल में बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। पार्टी संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को तय करने के लिए गठित समिति की पहली बैठक में यह निर्णय लिया गया।

#### संगठन को मजबूत करने की कवायद...

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संगठन को मैदानी स्तर पर मजबूती देने और बैठकों, धरना, प्रदर्शन, आंदोलनों का एजेंडा तय करने के लिए वरिष्ठ नेताओं की समिति बनाई है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में इसकी मंगलवार को पहली बैठक हुई।



प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार सिंह और अशोक सिंह ने बताया कि गुरुवार 21 और 22 नवंबर को प्रदेश कार्यसमिति की बैठक होगी। इसमें संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा की जाएगी। जितने भी पदाधिकारी बनाए गए हैं, उन सभी को जिला, ब्लॉक और विधानसभा क्षेत्र का प्रभार दिया जाएगा। नए लोगों को पार्टी से जोड़ने की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

#### जनहित के मुद्दों पर प्रदर्शन की तैयारी...

उन्होंने बताया कि पार्टी की प्राथमिक इकाई वार्ड, पंचायत और बूथ कमेटियां होंगी। मोहल्ला कमेटी का गठन किया जाएगा। 35-40 घरों के बीच एक कार्यकर्ता तैनात किया जाएगा जो पार्टी की रीति-नीति और कार्यक्रमों को जनता के बीच पहुंचाने का काम करेगा। प्रदेश में महिलाओं, बच्चियों, अनुसूचित जाति-जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के साथ हो रहे अन्याय, किसानों से वादाखिलाफी, कानून व्यवस्था की बदतर स्थिति, बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

## प्रदेश में स्कूलों के शिक्षकों की फोटो नोटिस बोर्ड पर लगेगी

**भोपाल, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में कई जगहों पर सामने आए फर्जी शिक्षकों के मामले के बाद हरकत में आए शिक्षा विभाग ने सख्त रवैया अपना लिया है। शिक्षा विभाग ने ऐसे शिक्षकों को निलंबित कर दिया है, जो इस फर्जीवाड़े को अंजाम दे रहे थे। वहीं सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को सरकारी स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों की फोटो नोटिस बोर्ड पर लगाने के आदेश भी जारी कर दिए हैं। बता दें कि एमपी के कई स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों ने भाड़े पर शिक्षक रखे हुए थे। ऐसे एक दो नहीं बल्कि कई मामले लगातार सामने आए। पड़ताल के दौरान सामने आए इस मामले के उजागर होते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया और शिक्षा विभाग ने तत्काल आदेश जारी करते हुए स्कूलों के नोटिस बोर्ड पर शिक्षकों की फोटो लगाने का फरमान जारी कर दिया। यही नहीं शिक्षा विभाग ने उन शिक्षकों को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं, जिन्होंने किराए के शिक्षकों को स्कूल में पढ़ाने भेजा।

दरअसल, लोक शिक्षण संचालनालय ने इस संदर्भ का आदेश जारी कर दिया है। ये आदेश सभी जिलों के शिक्षा अधिकारियों को भेज दिया गया है। इस आदेश में स्पष्ट लिखा गया है कि मध्य प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों की फोटो नोटिस बोर्ड पर लगाई जाएगी। बता दें कि कुछ मामले सामने आए है। किराए के इन शिक्षकों को स्कूल में पदस्थ शिक्षक पढ़ाने के लिए 3000 रुपए से लेकर 5000 रुपए तक दे रहे थे।



## तापमान में कमी जारी, 14 डिग्री पहुंचा

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जम्मू काश्मीर व लद्दाख में हो रही बर्फबारी और पहाड़ी क्षेत्रों से आ रही ठंडी हवाओं के असर से मंदसौर सहित प्रदेश भर में ठंड बढ़ गई है।

पिछले 24 घंटे में अंचल के तापमान में 1 डिग्री तक की गिरावट आई है। जिले में अधिकतम तापमान 29 डिग्री व न्यूनतम तापमान 14 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। बुधवार सुबह हल्का कोहरा भी .... शेष पेज 4 पर

## प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग को स्टाफ और दफ्तर मिलने का इंतजार...

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** बीती 12 मार्च को राज्य के संभाग, जिला, तहसीलों के परिसीमन के लिए राज्य प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की स्थापना की गई थी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 1 जनवरी 2024 को कहा था कि संभागों, जिलों को फिर से परिभाषित करने की जरूरत है। इसी तारीख में प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग का गठन कर 12 मार्च को इसकी संरचना और वित्तीय प्रस्ताव को अनुमोदन कर नोटिफिकेशन किया गया। राज्य सरकार ने आयोग के सचिव की भी नियुक्ति कर दी। पर, बावजूद इसके अभी स्टाफ और दफ्तर का इंतजाम होना बाकी है। जबकि, नए साल में जनगणना कराई जाने के केंद्र सरकार ने संकेत दे दिए हैं। इसी कारण काम भी प्रभावित हो रहा है। जिसकी संभावना 1 जनवरी 2025 से शुरू होने की है। इंदौर संभाग को पायलट आधार मानकर 42 साल बाद भौगोलिक से लेकर प्रशासनिक ढांचे में बदलाव के लिए काम शुरू होगा।

## भारतीय बेरोजगारों का दूसरे राष्ट्रों में निर्यात शुरू...

**मंदसौर/उज्जैन, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस। भारत सरकार की नीतियों के कारण उद्योगपतियों की प्रगति दर तो सम्मानजनक रही है। वैश्विक श्रम संगठन और रिसर्चर का दावा है कि 20 सालों में बेरोजगारी बढ़ कर चरम तक पहुंच चुकी है। इसमें भी ग्रेजुएट डिग्री धारकों की संख्या ज्यादा है। स्मार्टफोन और गूगल के युग में कोई भी कभी भी जानकारियां संकलित कर सकता है। अत: यह मान के चलें कि भारतीय युवाओं को अब भारत में रोजगार के अवसर नजर ही नहीं आ रहे हैं।**

इन 80 प्रतिशत बेरोजगारों के खुद के या परिवार के पास इतना धन नहीं है कि वह अपना कोई व्यवसाय शुरू कर सकें। इसी कारण भारतीय युवा शक्ति नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के जरिए अपने श्रम को विदेश में बेचने लिए लालायित होता जा रहा है। हमारी सरकार की इस असफलता का फायदा अब दूसरे देश उठाने जा रहे हैं, वह भी रियायती दरो पर। क्योंकि, भारतीय युवा बेरोजगारो के सामने, इसके अलावा कोई विकल्प भी नहीं है।


चन्द्रमोहन भगत

बीते ढाई सालों से रूस यूक्रेन युद्ध के दौरान भी हमारे देश से ही बेरोजगारों ने इन युद्धग्रस्त देश में रोजगार के लिए प्रयास शुरू किए थे। बाद में स्पष्ट हुआ कि युद्ध में फ्रंट के अलावा भी काम करने वालों की जरूरत होती है। जिन्हें युद्ध सहायक कहा जाता है। चर्चाओं पर भरोसा करें तो नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के जरिए भारत से युद्ध सहायक के लिए जो बेरोजगार चाहते हैं, उन्हें पंजीकृत कर भेजा जा रहा है। हाल ही में अकेले इजरायल के लिए दिसंबर से मार्च तक 16 हजार 832 लोगों ने पंजीकरण कराया था। जिसमें से 10 हजार 39 को भेजा गया है। अभी भी 30 हजार और जाने को तैयार हैं। भारतीयों की मांग अधिक होने का एकमात्र कारण यह है कि विदेश के मुकाबले बहुत सस्ते पारिश्रमिक पर मिल रहे हैं। दूसरा भारत में बेरोजगारी के कारण लोग जाने को भी सहज तैयार हो रहे हैं।

इन भारतीय युद्ध सहायकों को 1.92 लाख रुपया प्रतिमाह मिलेगा और बोनस 16 हजार 515 रुपया मिलेगा। जबकि, इजरायल के नागरिक को इस काम के लिए 2240 डॉलर यानी 3.87 लाख रुपए प्रतिमाह लगभग डबल वेतन देना पड़ता है। इसके पहले रशीया भी 100 युद्ध सहायक भेजें गए थे। जिसमें से 80 वापस आ गए थे।

जाहिर है जितने भी इस स्तर पर काम करने जा रहे हैं वह सिर्फ रोजगार कमाने के लिए, क्योंकि भारत में अवसर पैदा हो ऐसी संभावना भी नजर नहीं आ रही। दूसरे राष्ट्रों के लिए तो यह बहुत ही फायदे का सौदा रहता है कि उन्हें अपने नागरिक के मुकाबले आधे वेतन में ही युद्ध सहायक मिल जा रहे हैं। इसी सप्ताह अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट अनुसार भारत में कुल बेरोजगार जो 80 प्रतिशत हैं, पिछले 20 सालों में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ इनमें डिग्री धारकों की संख्या अधिक है।

उपरोक्त परिस्थिति बनने का कारण देश के अधिकांश नागरिकों का वित्तीय, सामाजिक, रोजगार की विषमता और विसंगतियों के कारण पारिवारिक जीवन दूभर होता जा रहा है। इसी कारण युद्ध सहायक जैसे रोजगार के लिए युवा पेट भरने के लिए जान जोखिम में डाल रहे हैं। वहीं हजारों परिवार के बिगड़ते सामाजिक परिवेश के कारण देश छोड़कर जाने वालों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। भारतीय नागरिकता त्याग कर जाने वालों की संख्या भी लगातार प्रतिवर्ष बढ़ती जा रही है। क्योंकि, भारतीय युवा बेरोजगारों के सामने इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है।



## काल भैरव अष्टमी के उपलक्ष्य में महा आरती 23 को

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** काल भैरव अष्मी के उपलक्ष्य मे महा आरती का आयोजन काल भैरव नाथ सेना के तत्वावधान मे 10 वा वर्ष प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी काल भैरव अष्मी के पावन पर्व पर भजन कीर्तन महाआरती एवं महाप्रसादी का भव्य आयोजन 23 नवम्बर 2024 सायं 6 बजे स्थान: काल भैरवनाथ मन्दिर परिसर मुक्तिधाम बड़ी पुलिया के समीप मन्दसौर आप सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर धर्मलाभ ले। यह जानकारी ग्रुप के हेमन्त धनगर, चेतन पंवार ने दी।

## पंचायत उपनिर्वाचन क्षेत्रों में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**नीमच, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले में पंचायत उप निर्वाचन-2024 उत्तबराद्धै के तहत केवल उन्ही क्षेत्रों मे जंहा उप निर्वाचन होने है, वहाँ कानून व्ययवस्था बनाए रखने के लिए धारा-163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़ द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया हैं। साथ ही पंचायत उपनिर्वाचन 2024 के तहत पंचायत उपनिर्वाचन सम्बंधी दायित्वों के निर्वहन कि लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे गये हैं। और अधिकारियों को नोड़ल अधिकारी नियुक्त किया गया हैं।

# वालीबाल प्रतियोगिता में 5 खिलाड़ियों का चयन

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के 5 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय मिनी बालक /बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता हेतु हुआ है यह प्रतियोगिता सिंगरौली में आयोजित होगी, जिसमें मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के खिलाड़ियों विशिक मालवीय, प्रीति राठौर, वेदप्रताप सिंह, बिलाल खान, शौर्य, का चयन हुआ है यह सभी खिलाडी सिंगरौली में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।



उनके चयन होने पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अनिल कियावत व मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान एवं सदस्यगण विनय दुबेला, संदीप खाबियॉ, शेर मोहम्मद खान, सज्जन श्रीमाल, त्रिभुवन कवीश्वर, रोहित शर्मा, अनिल पाटीदार, रउफ खान, रितेश पोरवाल, अनिल पाटीदार, मिलिंद सांखला, रंजन छाबड़ा, राजेंद्र सिंह, अभिषेक सेठिया, अक्षय नलवाया, मोहित शर्मा, शैलेंद्र मसीही, अभिषेक यादव, नारायण सिंह राठौर, पंकज मालवीय, आशीष रेठा, एंब्रोम्ज वॉल्टर, आस्था भावसार, चंदन शर्मा, विनय अग्रवाल, संयम चौहान, नमन शर्मा, नेहा सालवी कविता मेघवाल, आकृति जैन, माधव जोशी,जानवी हाडा , और जिला खेल एवं युवक कल्याण विभाग मंदसौर के खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, जिला क्रीड़ा अधिकारी मंदसौर बंशीलाल बारीवाल, पीजी कॉलेज मंदसौर के खेल अधिकारी राजू कुमार, पी.जी कॉलेज दलौदा के खेल अधिकारी अब्दुल रजाक, पूर्व क्रीड़ा अधिकारी मंदसौर अशोक शर्मा, उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर के, वरिष्ठव्यायाम शिक्षक महेंद्र शुक्ला, महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उ.मा.वि मंदसौर की वरिष्ठ व्यायाम शिक्षिका श्रीमती शांता व्यास शा. लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल उ. म. विद्यालय मंदसौर के व्यायाम शिक्षक रघुवीर मालवीय, जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव त्रिभुवन कविश्वर ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की यह जानकारी जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव त्रिभुवन कविश्वर व कोच अभिषेक सेठिया ने दी।



## समस्याओं के निराकरण के लिये अल्पबचत अभिकर्ता सांसद गुप्ता से मिले, ज्ञापन सौंपा

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सांसद श्री सुधीर गुप्ता के निवास पर जाकर अल्पबचत अभिकर्ताओं ने अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए चर्चा की तथा भारत सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से मुलाकात हेतु एक ज्ञापन पत्र सौंपा।

इस मुलाकात में नीमच एवं मंदसौर जिले के अल्पबचत अभिकर्ताओं ने सहभागिता की। इस ज्ञापन में मुख्य रूप से अभिकर्ताओं को आने वाली समस्याओं का एवं उनके संभावित समाधान का जिक्र किया गया है। सांसद सुधीर गुप्ता ने सभी अभिकर्ताओं की बात को सुना। सांसद श्री गुप्ता भी पूर्व में एजेंट रह चुके हैं इसलिए वह हमारी समस्याओं से पहले से वाकिफ हैं। सभी ने आपसे निवेदन किया कि आप अभिकर्ता हित में हमारी समस्याओं को संसद में उठाएं और वित्त मंत्रालय से इन समस्याओं के समाधान हेतु प्रयास करें। इस पर उन्होंने तुरंत ही अपने निजी सचिव को बुलवाकर अभिकर्ता प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात दिसंबर महीने में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से करवाने के निवेदन का एक पत्र बनाने की कहा। संभवत: दिसंबर महीने में अभिकर्ताओं का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली में वित्त मंत्री से सांसद के साथ जाकर मुलाकात करेगा। आज के इस कार्यक्रम में मेरे साथ नीमच जिले के जिला अध्यक्ष श्री सुनील पाठक, मंदसौर जिले के जिलाध्यक्ष श्री दिनेश पोरवाल, श्री विनोद नवले, बिना भावसार, अनीता पांडे, सुरेश जैन, दिलीप मांदलिया, विरेन्द्र सोनी, हर्ष भार्गव, रमेश गुप्ता, नितेश बंसल एवं वरिष्ठ सदस्य श्री कमलेश नलवाया एवं मंदसौर जिले के बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष अभिकर्ता साथ में थे।

## भारतीय ज्ञान परंपरा अकादमिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ

**नीमच, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय महात्मा गांधी महाविद्यालय जावद में मंगलवार को महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ अंतर्गत के प्राचार्य डॉ.आर.सी.मेघवाल की अध्यक्षता एवं प्रभारी प्राध्यापक डॉ.कविता शर्मा के निर्देशन में तीन दिवसीय अकादमिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन से हुई। संयोजक डॉ.मैना मालवीय ने कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की।

प्रथम दिवस भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर पोस्टर निर्माण एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के संदर्भ में विश्व को भारत की देन विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई है। पोस्टर निर्माण में मीना चाचेरिया बी.एस-सी प्रथम वर्ष एवं निबंध प्रतियोगिता में कल्पना राठौर बी.एस-सी प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता, निर्णायकों के रूप में डॉ.आर.के पेन्सिया, डॉ.गोपाल तिवारी, डॉ.धर्मेंद्र कुमार,श्री रवीन्द्र राठौर, डॉ.निशा शर्मा एवं डॉ.अंतिमबाला कन्नौज उपस्थित थे। कार्यक्रम में



डॉ.संध्या डूंगरवाल, डॉ.पिंकी कौर, श्री पुरुषोत्तम नामदेव,सुश्री भारती तिवारी, श्रीमती लोकेश कुमारी प्रजापत,श्री मुकेश गुर्जर,डॉ.गुलरेज खान, महाविद्यालयीन स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## पेंशनर्स के जीवन प्रमाण-पत्र बनाने हेतु 30 नवंबर तक डाक विभाग द्वारा चलाया जा रहा विशेष अभियान

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर डाक संभाग के अंतर्गत मंदसौर जिले के समस्त शहरी एवं ग्रामीण पोस्ट ऑफिस के माध्यम से पेंशनर्सके जीवन प्रमाण-पत्र बनाने हेतु 30 नवंबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार के समस्त पेंशनर मंदसौर जिले के समस्त शहरी एवं ग्रामीण डाकघरों के माध्यम से जीवन प्रमाण-पत्र बनवाने की सुविधा का लाभ उठा सकते है।

## घरेलू कार्यों में लड़के एवं पुरुष भी हाथ बटाएं-मिश्रा

### महिला एवं बाल विकास विभाग ने पर्यवेक्षक एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जेंडर के आधार पर कार्यों का बंटवारा महिलाओं किशोरियों को घर से बाहर निकलने से मिलने वाले अवसरों को सीमित करता है, क्योंकि इसके अंतर्गत समाज ने घरेलू कामकाज महिलाओं के हिस्से दिया है जिससे उनकी शिक्षा तथा अन्य कौशल विकास व आत्मनिर्भरता के अवसर प्रभावित होते हैं। इसलिए घर के बालकों को घर के कार्य जैसे साफ सफाई, खाना बनाना, बुजुर्गों /र्बच्चों की देखभाल में मदद करना आदि कार्यों र्की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। ऐसा करने से बालक और बालिकाओं को जीवन में आगे बढ़ने के समान अवसर मिलेंगे।

यह जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के दौरान जिला समन्वयक श्री सोनिक मिश्रा जिला समन्वयक द्वारा दी गई। श्री मिश्रा द्वारा महिलाओं को समानता और निर्णय लेने में सहभागिता पर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान परियोजना अधिकारी श्री मनोज कुमार दुबे ने बताया की विभाग एवं ममता/ यूनिसेफ द्वारा नवाचार अंतर्गत जिले की 20 ग्राम पंचायत को बाल एवं महिला हितैषी पंचायत निर्माण हेतु चयनित कर विभिन्न हित धारकों का प्रशिक्षण किया जा रहा है जिसका उद्देश्य पंचायतों को बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण, समानता और सशक्तिकरण के लिए सक्षम बनाना है। जहां प्रत्येक बालिका या महिला को शिक्षा, आजीविका हेतु अवसर प्राप्त करने हेतु अनुकूल वातावरण निर्माण कर उन्हें सक्षम बनाना है इस कार्य हेतु महिला बाल विकास विभाग और पंचायत विभाग के साथ-साथ शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आजीविका मिशन, कौशल विकास आदि विभागों / संस्थानों के समन्वय से प्रयास किया जा रहे हैं। प्रशिक्षण में मंदसौर ग्रामीण क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सेक्टर सुपरवाइजर के अलावा परियोजना अधिकारी भी उपस्थित रहे।



# दलौदा रेल शक्ति केंद्र पर जिला चुनाव अधिकारी ने ली बैठक





**दलौदा, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** संगठन पर्व 2024 को लेकर भारतीय जनता पार्टी दलौदा मंडल के शक्ति केंद्र दलौदा रेल पर महाराणा प्रताप रिसोर्ट में बैठक का आयोजन हुआ बैठक को संबोधित करते हुए जिला चुनाव पर्यवेक्षक श्री पुष्यमित्र भार्गव ने संबोधित करते हुए कहा की दलौदा मंडल के शक्ति केंद्र दलौदा रेल शत प्रतिशत कार्य हुआ हे यहां एक मंडल द्वारा अभिनव कार्य किया गया बूथ नंबर 252 पर बूथ की पूरी कमेटी 12 की महिलाओं की बनाई इसके लिए बधाई शुभकामनाएं साथ ही अधिक से अधिक संख्या में अच्छे कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ने का कार्य करे बैठक को भाजपा जिला अध्यक्ष श्री नानालाल अटोलिया ने संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे जिले में विशेष महा अभियान चलाया जा रहा हे दलौदा मंडल के प्रत्येक शक्ति केंद्र पर आज शाम तक ऑनलाइन समितियां बन जाए बैठक को भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद सुराणा ने भी संबोधित किया स्वागत भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास सुराणा सहित बूथ अध्यक्ष द्वारा किया गया इस अवसर पर जगदीश परमार, दिलीप सिंह तरनोद, रणजीत सिंह चौहान, गजेन्द्र सिंह सिसोदिया, विनोद मालवीय, कैलाश जैन, दुर्गा कैथवास, हेमंत धनोतिया, सुमित सेन , श्याम तिवारी,कार्तिक पाटीदार, अजय शर्मा, बूथ अध्यक्ष विशाल पोरवाल, पंकज धाकड, हेमंत मावर, विमला धनौरा, नागूलाल खारोल, नानालाल पाटीदार, शैलेंद्र सिंह सिसोदिया, पदम सिंह सिसोदिय, राजेश आर्य टीटू, गोरधन सिंह , दिनेश शर्मा, सुनील शर्मा, देवीलाल माली सहित बूथ एवं पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे

## दो वर्षों में विवाह के लिये 75 हजार बेटियों को मिली 414 करोड़ की सहायता

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शासन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना में गत 2 वर्षों में 75 हजार से अधिक बेटियों के विवाह के लिये 414 करोड रुपये से अधिक की सहायता दी गयी।

आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण डॉ. आर.आर. भोंसले से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में एक विवाह/निकाह के लिये 55 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। इसमें 49 हजार रुपये का एकाउंटपेयी चेक वधु (कन्या) के नाम से तथा 6 हजार रुपये आयोजन करने वाले निकाय को दिये जाते है। आयुक्त डॉ. भोंसले ने बताया कि वर्ष 2023-24 में प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना में 62 हजार 84 विवाह कराये गये हैं। इसमें 341 करोड़ 46 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गयी। चालू वित्त वर्ष में एक अप्रैल, 2024 से अभी तक 12 हजार 979 कन्याओं के विवाह/ निकाह के लिये 73 करोड़ 22 लाख रुपये की सहायता राशि दी गयी है।

## सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों के निराकरण में नीमच जिले को ए ग्रेड मिली

**नीमच, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सी.एम. हेल्पलाईन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा के मार्गदर्शन में नीमच जिला पहली बार ए ग्रेड हासिल कर, प्रदेश के टॉप टेन जिलों में शामिल हो गया है। लोक सेवा प्रबंधक श्री आशीष जैन ने बताया, कि सी.एम. हेल्प लाईन में ऑनलाईन पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निराकरण की लोकसेवा प्रबंधन विभाग द्वारा माह अक्टूबर 2024 की ग्रेडिंग बुधवार को जारी की गई है। प्रदेश स्तर पर जारी ग्रेडिंग मन नीमच जिला पहली बार ए ग्रेड हासिल कर टॉप टेन जिलों में शामिल हो गया है। अक्टूबर 2024 में 3118 शिकायतों में से जिले में संतुष्टी के साथ बंद हुई शिकायतों का वेटेज 60 प्रतिशत में से 50.80 प्रतिशत रहा है एवं 50 दिवस से अधिक लम्बित शिकायतों के निराकरण का वेटेज 20 प्रतिशत में से 12.12 प्रतिशत इस तरह कुल 82.74 प्रतिशत वेटेज के साथ नीमच जिले को ए रेटिंग मिली है। प्रदेश के समूह बी. के 29 जिलों में नीमच जिले ने 8वां स्थोन प्राप्त किया है।



## योग गुरू टांक का विनर क्लब ने किया सम्मान

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पतंजलि संगठन के जिला प्रभारी एवं जिले में योग की अलख जगाने वाले योग गुरू श्री बंशीलाल टांक ने विगत दिवस पतंजलि के संस्थापक बाबा रामदेवजी द्वारा राष्ट्रीय चैनल पर दिये गये योग चैलेंज को पूर्ण कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जो जिले के लिए गौरव की बात है। विनर क्लब के संस्थापक ब्रजेश सेन मारोठिया ने बताया कि 82 वर्षीय श्री बंशीलाल टांक योग के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने का कार्य कर रहे है। उनकी उपलब्धि एवं योग के प्रति निष्ठा को देखते हुए विनर क्लब मंदसौर द्वारा उनका शाल, श्रीफल भेंटकर व साफा व दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया।

## राइफल शूटिंग में मृदुल पोरवाल ने दिखाया अपना कौशल

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** इंदौर में आयोजित 68वीं



राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता राइफल शूटींग (अंडर-17 वर्ष) में मंदसौर के मृदुल बालकृष्ण पोरवाल ने ओपन साईट एअर राइफल शूटिंग में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। चार सीरिज में हुई इस प्रतियोगिता में मृदुल ने उज्जैन संभाग की ओर से खेलते हुए पांचवा स्थान प्राप्त किया। विगत दिनों उज्जैन में आयोजित हुई संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मृदुल पोरवाल का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु हुआ था। मृदुल इसके पूर्व भी राज्य स्तरीय अंडर-14 राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में भाग ले चुके है। उन्होंने वर्तमान में जिला स्तर एवं संभाग स्तर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मृदुल डेक्सटर किड स्कूल के कक्षा 10 वीं के छात्र है तथा नियुद्ध गुरुकुल से शूटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। मृदुल की इस उपलब्धि पर स्नेहीजनों ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## कलेक्टर ने टीबी से मुक्ति के लिए नागरिकों से की अपील

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने टीबी से मुक्ति के लिए नागरिकों से अपील की है। टीबी की बीमारी को आपके सभी के सकारात्मक सहयोग से जड से खत्म करने हेतु हम संकल्पित हैं। इसी तारतम्य में है आप सभी नागरिकों से एक अपिल करना चाहती हुँ। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत निक्षय मित्र बनने का एक अनूठा अवसर है, जिसके अंतर्गत आप सभी टीबी (क्षय) से पीड़ित मरीज की सहायता कर सकते हैं।

निक्षय मित्र के रूप में आप इन रोगियों का पोषण सहायतार्थ, परामर्श और देखभाल प्रदान कर सकते हैं, जिससे वे जल्दी स्वस्थय हो सकें। निक्षय मित्र बनकर आप टीबी मरीजों को फुड बास्केट के रूप में पौष्टिक आहार गुड़, दाल, मूंगफली, सोयाबड़ी, चावल, राजमा आदि प्रदान कर सकते हैं। टीबी के खिलाफ लड़ाई में आपका यह योगदान समाज में बदलाव लाने में एक बड़ा कदम साबित होगा। आपकी भागीदारी से न केवल इन मरीजों का आत्मविश्वास बढ़ेगा बल्कि मंदसौर जिले को एक टीबी मुक्त जिला बनाने की दिशा में हमारी गति और तेज होगी। आएें, साथ मिलकर इस नेक पहल का हिस्सा बनें और निक्षय मित्र बनकर इस मिशन को साकार करें।



## राजस्व महा अभियान के तहत विशेष शिविर आयोजित

### डोर-टू-डोर किया जा रहा है खसरा ई-केवायसी

**नीमच, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जिले में चलाए जा रहे राजस्व महा अभियान के तहत गांव-गांव में विशेष राजस्व शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही राजस्व अमले द्वारा डोर-टू-डोर खसरा, ई-केवायसी का कार्य भी किया जा रहा है। तहसीलदार श्री संजय मालवीय ने बुधवार को ग्राम हिंगोरिया एवं बरूखेड़ा का भ्रमण कर, डोर-टू-डोर ई-केवायसी कार्य का जायजा लिया। एसडीएम नीमच डॉ.ममता खेड़े ने राजस्व अभियान के तहत ग्राम पालसोड़ा एवं भाटखेड़ा में आयोजित विशेष शिविर का निरीक्षण कर जायजा लिया।

**फार्मर रजिस्ट्री एवं ग्राउण्ड ट्रूथिंग कार्य का निरीक्षण**-एसडीएम नीमच डॉ.ममता खेड़े द्वारा बुधवार को जीरन तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर, राजस्व अमले द्वारा किए जा रहे फार्मर रजिस्ट्री कार्य का जायजा लिया तथा ग्राम कुचड़ौद में राजस्व अमले द्वारा स्वामित्व योजना के तहत किए जा रहे ग्राउण्ड ट्रूथिंग कार्य का निरीक्षण कर, संबंधितों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

## डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की अंक सूची डाइट से प्राप्त करें

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** डाइट प्राचार्य श्री डी. एस. राठौर द्वारा बताया गया कि डी. एल. एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष सत्र (2023-24) की अंकसूची जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट मंदसौर से प्राप्त करें। अंक सूची प्राप्त करने के लिए संबंधित छात्र को अपना प्रवेश पत्र लाना आवश्यक है। कार्यालय समय में अंक सूची प्राप्त करें।

## पोलीटेकनिक महाविद्यालय जावद का एक्सपोजर विजिट सम्पन्न




**नीमच, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय मानक ब्यूरो नई दिल्ली द्वारा स्कूल एवं उच्च शिक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए राष्ट्र के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास में गुणवत्ता मानको एवं मानकीकरण के महत्व एवं अवधारणाओं को समझते हुए विद्यार्थियों के पेशेवर एवं व्यक्तिगत विकास के लिए शासकीय पोलीटेकनिक महाविद्यालय, जावद में मानक क्लब का गठन किया गया है। भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार महाविद्यालय में मंगलवार को मानक क्लब के सदस्य विद्यार्थियों हेतु आयोजित एक्सपोजर विजिट अंतर्गत नीमच जिले के भरभडिया ग्राम में स्थित हकीमी रोप इंडस्ट्री का भ्रमण कराया गया। यह भ्रमण विद्यार्थियों को उद्योगों के व्यावहारिक पहलुओं को जानने, तकनीकी कार्य प्रणाली समझने, आवश्यक दक्षताओं से परिचित कराने तथा उन्हें पोलीटेकनिक कोर्स के पश्चात स्वरोजगार/उद्यमिता के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान हकीमि रोप इंडस्ट्री के प्रोडक्शन मैनेजर श्री सत्येंद्र तिवारी तथा एच. आर. मैनेजर श्री मनोज कुमार चौहान ने विद्यार्थियों को उद्योग में कार्य के दौरान सुरक्षा नियमों की जानकारी दी एवं निर्मित किए जाने वाले नायलोन रोप, वायर रोप के गुणवत्ता पूर्वक निर्माण, पैकेजिंग एवं ट्रांसपोर्टेशन प्रक्रिया से विद्यार्थियों को अवगत कराया। इस भ्रमण में शासकीय पॉलिटेकनिक महाविद्यालय जावद के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 32 विद्यार्थी एवं भारतीय मानक ब्यूरो पोलीटेकनिक शाखा की सुश्री किरण महावर एवं व्याख्याता श्री परमानंद पवार उपस्थित थे।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 231 | 2225 | 2351 |
| उड़द | 87 | 5500 | 6900 |
| सोयाबीन | 5100 | 3800 | 4320 |
| गैहु | 1950 | 2680 | 3161 |
| चना | 221 | 5671 | 6351 |
| मसुर | 171 | 5710 | 6212 |
| धनिया | 275 | 4500 | 7326 |
| लहसुन | 10000 | 15000 | 31000 |
| मैथी | 675 | 4801 | 6500 |
| मुंगफली | 5200 | 4100 | 5400 |
| अलसी | 1510 | 5761 | 6150 |
| सरसो | 325 | 5500 | 6000 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 107 | 10500 | 12701 |
| प्याज | 14000 | 1100 | 3900 |
| कलोंजी | 10 | 9292 | 18681 |
| तुलसी बीज | 15 | 10850 | 20300 |
| डॉलर | 38 | 7001 | 12701 |
| तिल्ली | 50 | 8400 | 12353 |
| जौ | 10 | 2200 | 2535 |
| मटरसुखी | 6 | 6200 | 6660 |
| असालीया | 22 | 9301 | 11712 |
| चिया | 7 | 13000 | 15401 |

# भाजपा संगठन चुनाव: निष्पक्षता और पीढ़ी परिवर्तन पर फोकस

## प्रदेश में कोई भी विधायक या सांसद अपने समर्थक या रिश्तेदार को संगठन में शामिल नहीं करा पाएगा

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हाल ही में विधानसभा और लोकसभा चुनावों में मिली सफलता के बाद अब संगठनात्मक बदलाव की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। पार्टी ने संगठन चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसमें बूथ स्तर पर सक्रिय सदस्यों का चयन किया जा रहा है। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व संगठन चुनावों को निष्पक्ष और सर्वसम्मत बनाने के लिए विशेष रूप से सतर्क है।



नेमीचंद राठौर

**निष्पक्ष चुनाव पर जोर–** भाजपा नेतृत्व ने स्पष्ट किया है कि बूथ, मंडल और जिलाध्यक्ष के चुनाव निष्पक्ष और सर्वसम्मत से होने चाहिए। निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी विधायक या सांसद अपने समर्थक या रिश्तेदार को संगठन में शामिल करने का प्रयास करता है, तो इसे रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। इस नीति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि संगठन में पारिवारिक दबाव और व्यक्तिगत स्वार्थ हावी न हो।

**जनप्रतिनिधियों पर सख्त नजर–** पार्टी के सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय नेतृत्व ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि जनप्रतिनिधि अपने प्रभाव का उपयोग कर संगठन को अपने नियंत्रण में न लें। पहले की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए, जहां कुछ विधायकों ने अपने घर पर ही संगठन चुनाव की औपचारिकता पूरी करवाई थी, इस बार ऐसे प्रयासों पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया है।

**पीढ़ी परिवर्तन की रणनीति–** भाजपा इस बार पीढ़ी परिवर्तन की रणनीति पर काम कर रही है। संगठन को नई सोच और युवा नेतृत्व के साथ आगे बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। मप्र में सत्ता परिवर्तन के बाद संगठन को प्रभावित होने से बचाने के लिए यह कदम उठाए जा रहे हैं। यह स्पष्ट किया गया है कि पार्टी में किसी भी प्रकार की गुटबाजी या स्वार्थपरक राजनीति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**भाजपा की संगठनात्मक ताकत–** मध्यप्रदेश हमेशा से भाजपा के लिए एक मजबूत आधार और संगठनात्मक प्रयोगशाला रहा है। यहां पार्टी की संगठनात्मक क्षमता इतनी मजबूत है कि हर चुनाव में भाजपा ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इसके पीछे स्व. कुशाभाऊ ठाकरे, प्यारेलाल खंडेलवाल, कैलाश जोशी, सुंदरलाल पटवा, वीरेंद्र कुमार सखलेचा और राजमाता विजयाराजे सिंधिया जैसे नेताओं का योगदान रहा है, जिन्होंने संगठन की नींव को मजबूत किया।

**संगठन पर्व की प्रक्रिया–** भाजपा ने 14 नवंबर से बूथ कमेटी के चुनाव शुरू किए हैं, जो आज 20 नवंबर तक चलें। इन चुनावों के माध्यम से पार्टी निचले स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक संगठन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में काम कर रही है।

**भविष्य की रणनीति–** भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व चाहता है कि संगठन में हर स्तर पर पारदर्शिता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्व दिया जाए। इससे न केवल संगठन मजबूत होगा, बल्कि पार्टी के प्रदर्शन में भी सुधार होगा। भाजपा का संगठन चुनाव पार्टी की जमीनी ताकत को और मजबूत करने का प्रयास है। यह प्रक्रिया न केवल निष्पक्षता सुनिश्चित करेगी, बल्कि पार्टी को नई पीढ़ी के नेताओं के साथ आगे बढ़ाने में मदद करेगी। मप्र में भाजपा की यह रणनीति पार्टी की दीर्घकालिक सफलता की दिशा में एक और मजबूत कदम है।

# सभी के सुझावों से आगामी बजट बनेगा लोक कल्याणकारी–उप मुख्यमंत्री

## आगामी वित्तीय वर्ष के लिये आमजन से सुझाव आमंत्रित

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप प्रदेश के चहुँमुखी विकास और जन-कल्याण को दृष्टिगत रखते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट की तैयारियां शुरू कर दी गई है। बजट को अधिक लोक कल्याणकारी बनाने के लिये आमजन के सुझाव आमंत्रित किये जा रहे हैं। प्रदेश का आम नागरिक राज्य के बजट को प्रभावी बनाने अपने सुझाव साझा कर सकेंगे।

उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत ऽ2047 के लक्ष्य में मध्यप्रदेश भी अपना योगदान देने के लिये अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विकसित मध्यप्रदेश ऽ2047 का विजन तैयार किया जा रहा है। निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 का लोक कल्याणकारी बजट तैयार किया जायेगा।

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने बताया कि राज्य का बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास व आम नागरिकों के खुशहाल जीवन को साकार करने, सतत् विकास की गति बनाये रखने, आधारभूत सुविधाओं का विकास व सभी वर्गों के कल्याण में महत्वपूर्ण साधन रहा है। समाज के सभी वर्गों सें प्राप्त सुझावों, मार्गदर्शन, प्राथमिकताओं आदि से प्रदेश का बजट, सर्वांगीण विकास की दिशा में बढ़ाया गया एक और महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। प्रदेश की राजस्व आय में वृध्दि के सुझाव भी बजट को और अधिक लोक कल्याणकारी स्वरूप देने में सहयोगी होगे। चझचधर्त्र्ीपर सुझाव एवं मार्गदर्शन आमंत्रित किये गये हैं। सुझाव 15 जनवरी, 2025 तक लिये जायेंगे। सुझावों के साथ आम नागरिक अपना नाम, शहर, जिला, पिनकोड एवं मोबाइल नम्बर भी अंकित करे।



**आमजन निम्न मुख्य क्षेत्रों पर दे सकेंगे सुझाव–** हरित ऊर्जा जैसे बायो गैस, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा एवं सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने हेतु संभावित स्थलों के संबंध में।विद्युत ऊर्जा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार जैसे-स्मार्ट मीटर, एव्हरेज बिल की जगह एक्च्युअल बिल, विद्युत के पुराने तारों के स्थान पर केबल तार स्थापित करने, सडकों के मध्य आने वाले पोल को प्रतिस्थापित करने, अस्थाई विद्युत कनेक्शनों को स्थाई विद्युत कनेक्शनों में परिवर्तित करने हेतु तथ्यात्मक सुझाव।परिवहन के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार हेतु सडकों (जिला मार्ग, राज्य मार्ग एवं अन्तर्राज्यीय मार्ग) के विकास हेतु तथ्यात्मक सुझाव एवं ई-परिवहन को बढावा देने हेतु सुझाव/विचार/प्रस्ताव।ग्रामीण विकास हेतु परंपरागत व्यवसायों के पुनर्रुध्दार, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, पेयजल एवं अधोसंरचनात्मक विकास हेतु तथ्यात्मक सुझाव।गौ-वंश के संवर्धन, सरंक्षण एवं गौचारण भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने हेतु सुझाव।मत्स्य विकास, मुर्गीपालन, दुग्ध उत्पादन, कृषि विकास, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण को बढावा देने हेतु उत्पादन एवं निर्यात के संबंध में सुझाव।प्रदेश में प्रवाहित समस्त नदियों एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन एवं पुनर्रुध्दार हेतु सुझाव।प्रदेश के वनों, वन्य जीवों तथा जैव-विविधता के संरक्षण, संवर्धन एवं पुनर्रुध्दार तथा वन ग्रामों में निवासरत जन जीवन की मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु सुझाव।स्थानीय पर्यटन को बढावा दिये जाने हेतु मध्यप्रदेश में स्थित धार्मिक, नैसर्गिक (प्राकृतिक), ऐतिहासिक धरोहरों/स्थलों के विकास हेतु तथ्यात्मक सुझाव।शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर अधोसंरचनात्मक विकास हेतु सरकार के अतिरिक्त आमजनों के द्वारा आर्थिक सहयोग प्राप्त कि?ये जाने हेतु सुझाव।रोजगार एवं उद्योग के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार हेतु क्षेत्र विशेष जैसे- जिला, ब्लॉक, नगर, ग्राम आदि में स्थापित कि?ये जा सकने वाले उद्योग (निर्माण उद्योग, खाद्य प्र-संस्करण, कृषि उद्योग एवं फर्नीचर उद्योग, कुटीर एवं हथकरघा, टेक्सटाईल, खिलौना, स्टेशनरी, गृह निर्माण सामग्री, वनोपज प्र-संस्करण, औषधि निर्माण आदि)।वोकल फॉर लोकल के अंतर्गत 'एकजिला-एकउत्पाद' केलिए स्थानीय उत्पादों के उत्पादन एवं निर्यात हेतु सुझाव।प्रदेश के पुराने शहरों में सड़को/गलियारों के चौड़ीकरण, ऐतिहासिक व पुरानें बाजारों के पुनर्विकास एवं अतिक्रमण/झुग्गी मुक्त शहरों की परिकल्पना हेतु सुझाव।सड़क, पुल, पार्कों एवं अन्य अधोसंरचनात्मक विकास हेतु सुझाव।जन स्वास्थ्य से संबंधित क्षेत्रों पर सुझाव।महिला एवं बाल विकास से संबंधित क्षेत्रों पर सुझाव।सामाजिक सुधार जैसे- दिव्यांगजन/भिखारियों/आवासहीन/बेसहारा जनों आदि के कल्याण हेतु सुझाव।राजस्व संग्रहण को बढावा देने हेतु सुझाव।प्रशासनिक सुधार से संबंधित सुझाव।अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों से संबंधित सुझाव।

**यहां दिए जा सकेंगे सुझाव–** MPMyGov Portal, Toll free no.:0755-2700800, Emailid: budget. mp@mp. gov.in एवं डाक से पत्राचार:संचालक (बजट), वित्तीय प्रबंध सूचना प्रणाली, 18-एच, द्वितीय तल, वित्त विभाग, मंत्रालय,भोपाल, मध्यप्रदेश 462004पर भेज सकते है।



**महादेव का श्रृंगार–** श्री पशुपतिनाथ महादेव के प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर पुजारी परिवार द्वारा बुधवार को दिनभर अनेक आयोजन किए गए। शाम को भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया गया।

# तिरुपति मंदिर में अब सिर्फ हिंदू कर्मचारी ही काम करेगें, नवगठित टीटीडी का फैसला

**तिरुपति, 20 नवम्बर।** आंध्र प्रदेश में तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) द्वारा केवल हिंदुओं को भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में सेवा करने की अनुमति देने के फैसले का स्वागत किया। नवगठित टीटीडी बोर्ड ने अपनी पहली बैठक की। जिसमें मंदिर के कामकाज के संबंध में कुछ फैसलों की घोषणा की। प्रमुख प्रस्तावों में से एक यह था कि केवल हिंदुओं को टीटीडी कर्मचारी बनने की अनुमति दी जाए। यहां गैर-हिंदू कर्मचारियों को या तो स्वेच्छा से सेवानिवृत्त किया जाना चाहिए या आंध्र प्रदेश के अन्य सरकारी कार्यालयों में स्थानांतरित किया जाना चाहिए।

टीटीडी के फैसले पर टिप्पणी करते हुएए रेड्डी ने कहामैं टीटीडी बोर्ड के फैसले का स्वागत करता हूं। सुधार लाने के अपने पहले प्रयास में बोर्ड ने निर्णय लिया है कि भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के पास काम करने वाले केवल हिंदू होने चाहिए। गैर-हिंदुओं को वहां नहीं होना चाहिए। रेड्डी ने कहा कि वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में हिंदू समूहों व भक्तों द्वारा लंबे समय से मांग की जा रही है। वे चाहते थे कि केवल वे लोग जो भगवान (बालाजी) में विश्वास करते हैं। जिनकी हिंदू समुदाय में आध्यात्मिक आस्था है, उन्हें वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर परिसर में काम करने की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह एक खुशी का अवसर है केवल उन लोगों को यहां रोजगार दिया जाएगा जो हिंदू धर्म और इस मंदिर और भगवान वेंकटेश्वर में विश्वास करते हैं। उन्होंने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि जो लोग किसी भी पूजा स्थल के समान आस्था रखते हैं। उन्हें परिसर में काम करने की अनुमति दी जानी चाहिए। मैं चाहूंगा कि यह पूरे भारत में होय चाहे वह



हिंदू समुदाय का हो या किसी अन्य समुदाय का पूजा स्थल, उन परिसरों में केवल उन्हीं लोगों को काम करना चाहिए जो उनकी आस्था में विश्वास रखते हों। ऐसा फैसला हर जगह होना चाहिए। टीटीडी द्वारा लिया गया निर्णय सभी मंदिरों और अन्य पूजा स्थलों पर लागू किया जाना चाहिए।



# प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी रोगियों को पोषण आहार किट का वितरण

**भानपुरा, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारत विकास परिषद शाखा भानपुरा के तत्वावधान में 20 नवम्बर को शासकीय अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के टीबी मुक्त भारत अभियान नि क्षय मित्र योजना के तहत क्षेत्र के 50 से भी अधिक टीबी रोगियों को फ़ुड बास्केट पोषण आहार किट वितरण किए गए इस अभियान के प्रभारी सतीश शर्मा के निर्देशन में शाखा के अध्यक्ष मनोज वधवा सचिव विजय शर्मा शाखा के स्वास्थ्य शिविर प्रभारी सुधीर नवलखा,सह प्रभारी अमित हरसोला,दीपक कोरिया करण भुटानी, विशाल चोरड़िया,सदस्य हेमंत जैन पियूष कीमती भुपेंद्र सोनी,कोमल सामरिया, महावीर ठाई डा राजेन्द्र दुबे रजनीश वधवा मनोहर सेठिया, मनीष फरक्या,विजय जैन , सुरेन्द्र मेडतवाल अनिल नाहर विपीन सेठी,सुमेर नाहर सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे सभी ने किट वितरण में सहयोग राशि भेंट कि डा वीरेंद्र वर्मा,डा गोरव सिजोरिया डा वेदांत वर्मा सहित शासकीय अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित थे।

# भाविप शाखा भानपुरा द्वारा स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न



**भानपुरा, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारत विकास परिषद शाखा विक्रमादित्य उज्जैन,भारत विकास परिषद शाखा भानपुरा के तत्वावधान में अमलतास हास्पिटल एवं रिसर्च सेंटर इटावा देवास के सोजन्य से 20 नवम्बर को भानपुरा में शासकीय अस्पताल परिसर में विशाल मेगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया शिविर में 345 रोगियों का परीक्षण कर उपचार किया गया जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी दिव्यानंद जी तीर्थ कि पुण्य स्मृति में आयोजित 62 वे इस निशुल्क शिविर में सभी रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी परीक्षण के दोरान 85 रोगी विभिन्न बीमारी के आपरेशन योग्य पाये गये इन सबका निशुल्क आपरेशन अमलतास हास्पिटल एवं रिसर्च सेंटर इटावा देवास में होगा , शिविर का शुभारंभ धनवंतरी भगवान के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप जलाकर डा वीरेंद्र वर्मा,डा गोरव सिजोरिया,जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप्स फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल नाहर भारत विकास परिषद शाखा भानपुरा के अध्यक्ष मनोज वधवा, सचिव विजय शर्मा मनीष फरक्या, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गोखरु,शिविर प्रभारी सुधीर नवलखा व दीपक कोरिया व अन्य ने किया , शुभारंभ मे मनोज वधवा ने शिविर कि जानकारी दी शिविर संयोजक सुधीर नवलखा ने स्वागत भाषण दिया, शिविर में सनातन धर्म मण्डल अध्यक्ष भुपेंद्र सोनी, वरिष्ठ समाजसेवी हेमंत जैन,रजनीश वधवा, शिविर सह प्रभारी अमित हरसोला विशाल चोरड़िया,,सुमेर नाहर, विपीन सेठी, पियूष कीमती, मनोहर सेठिया, महिला प्रमुख श्रीमती मनीषा कोरिया,, धर्मेन्द्र ठोरा,डा राजेन्द्र दुबे कोमल सामरिया, महावीर ठाई,करण भुटानी,सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ,इस शिविर में विशेष रूप से भारत विकास परिषद शाखा विक्रमादित्य उज्जैन के अध्यक्ष डा सी पी पाटीदार, सचिव डा आदित्य पाटीदार,भी उपस्थित थे सभी अतिथियों का स्वागत भारत विकास परिषद शाखा के अध्यक्ष मनोज वधवा सचिव विजय शर्मा व सदस्यों ने किया, शिविर कि व्यवस्था से मरीज व उनके परिजन संतुष्टनजर आए , शिविर प्रभारी सुधीर नवलखा ने आभार माना।

# स्वास्थ्य समस्याओं और अलग-अलग पदस्थ पति-पत्नी को ट्रांसफर में मिलेगी प्राथमिकता

**भोपाल, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि शासकीय सेवकों की स्थानांतरण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुविधाजनक बनाया जाए। अधिकारी-कर्मचारियों के स्थानांतरण आवेदन में मानवीय दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी जाए।

सामान्य प्रशासन विभाग के प्रविधानों के अनुसार स्थानांतरण प्रक्रिया में विभिन्न कारणों यथा पति-पत्नी शासकीय सेवक हैं और एक ही कार्यस्थल में पदस्थापना चाहते हैं, स्वयं की गंभीर बीमारी, परिवार के सदस्यों की स्वास्थ्य समस्याओं या अन्य बड़े कारणों के लिए प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा, ई-एचआरएमआइएस में ऐसे प्रविधान किए जाएं कि स्थानांतरण में मानवीय हस्तक्षेप कम से कम हो। पोर्टल में शासकीय सेवकों की आवश्यकताओं और प्रविधानों के अनुरूप सभी जरूरी सुधार किए जाएं। रिक्तियों की अद्यतन जानकारी पोर्टल पर समय पर उपलब्ध कराई जाए।

**एक सप्ताह में तैयारियां करने को कहा–** उप मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की स्थानांतरण प्रक्रिया के लिए ई-एचआरएमआइएस पोर्टल के प्रविधानों की समीक्षा की। उन्होंने पोर्टल में सभी तैयारियां एक सप्ताह में करने के लिए कहा है। एमपीएसईडीसी के प्रतिनिधियों ने पोर्टल के प्रविधानों पर प्रस्तुतीकरण दिया। बता दें कि ई-एचआरएमआइएस से लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में स्थानांतरण के लिए पहली बार आनलाइन सुविधा प्रारंभ की जा रही है।

# मनासा तहसील के पटवारी संघ के अध्यक्ष बने अजय शर्मा

**मनासा, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** बहुत ही खुशी की लहर मनासा तहसील के पटवारी संघ और पटवारी के जवाबदारी अध्यक्ष बनने पर एक ऐसा माहौल तैयार हुआ है कि अजय शर्मा पटवारी संघ के अध्यक्ष नियुक्त हुए हैं उसके उपलक्ष में देखा जा रहा है कि सभी पटवारी ने इनके ऊपर आशा अपेक्षा रखी है कि यह अध्यक्ष महोदय पटवारी की जो भी समस्या होगी और जो भी लड़ाई होगी अपने तेरे दिल से लड़ते रहेंगे इसी आश्वासन के ऊपर श्री शर्मा को अध्यक्ष बनाया गया है और श्री शर्मा ने भी कहा है कि जहां तक पटवारी की जो भी समस्याएं होगी जो भी मांगे होगी मैं इन सबको आगे तक शासन प्रशासन तक भेजूंगा और जो भी मेरे साथी मेरे भाई मेरे पूजनीय इनके साथ जो भी कठिनाइयां हो रही है उन कठिनाइयों का समाधान बहुत ही जल्द करने की कोशिश करूंगा इसी के साथ सभी पटवारी को धन्यवाद देते हुए श्री शर्मा ने अपना अध्यक्ष पद ग्रहण किया।



# भानपुरा स्कूल में हेल्थ कार्यशाला सम्पन्न

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के भानपुरा मॉडल स्कूल में टीबी की बीमारी के प्रति समाज में जन जागरूकता के लिए स्कूल हेल्थ कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला के अंतर्गत बच्चों को टीबी की बीमारी के लक्षण जैसे भूख कम लगना ,वजन कम होना, लगातार खांसी-बुखार आना, बलगम के साथ खून आना आदि लक्षण होने पर टीबी की जांच एवं उपचार के लिए बताया गया। इस अवसर पर मॉडल स्कूल भानपुरा के प्रिंसिपल, समस्त शिक्षक तथा बालक एवं बालिका उपस्थित थे। कार्यशाला में टीबी की बीमारी से बचाव लक्षण एवं समाज में जन जागरूकता के लिए शपथ ली एवं कार्यशाला में भागीदारी की उक्त कार्यशाला के अंतर्गत ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ गौरव सिजेरिया, जिला समन्वयक श्री सतीश शर्मा, टीबी यूनिट भानपुरा श्री अनिल टेलर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर शोभा एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** 68 वें राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता 17 वर्ष बालक/बालिका का शुभारंभ हुआ। यह प्रतियोगता 20 नवम्बर से 24 नवम्बर तक उत्कृष्ट विद्यालय छात्रावास परिसर में आयोजित होगी। शुभारंभ अवसर पर पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, जिला शिक्षा अधिकारी श्री लोकेंद्र डाभी,खेल एवं युवक कल्याण विभाग के जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्राचार्य श्री दिलीप सिंह राठौर,खेल संयोजक एवं उत्कृष्ट उमावि प्राचार्य डॉ प्रधान, ऑब्जर्वर श्री भीम सिंह विषैला एवं श्री राकेश चौधरीएवं बालक/बालिका मौजूद थे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरस्वती वंदना एवं गीत नवीन गंधर्व ने प्रस्तुत की। खेल शपथ बेसबॉल राष्ट्रीय खिलाड़ी ललिता माली ने दिलवाई। अतिथियों ने खेल ध्वजारोहण फ़हराया। कार्यक्रम का संचालन श्री आशीष बंसल एवं श्रीमती विनीता मेहता एवं आभार प्रदर्शन डॉ विनीता प्रधान ने माना।

# शराब पीने से मना किया तो पीटा, 3 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया। कचनारा निवासी अर्जुन बागरी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि कचनारा निवासी शांतिलाल पिता भारत बागरी खेत के रास्ते पर शराब पी रहा था। हमने शराब पीने से मना किया तो शांतिलाल के साथ ही रतनलाल व मदनलाल बागरी तीनों ने मिलकर गाली-गलौज की व मारपीट की पुलिस ने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## तापमान में कमी जारी, 14 डिग्री...

पेज 1 से जारी

छाया रहा। मौसम जानकारों के अनुसार पहाड़ी क्षेत्रों में जेट स्ट्रीम हवाई चल रही है। यह मध्यप्रदेश के उत्तरी हिस्से में पहुंच रही है। इसके चलते तापमान में गिरावट आने लगी है। इस समय जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में बर्फबारी हो रही है। वहीं, पश्चिम-उत्तर भारत में जेटस्ट्रीम हवाएं भी चल रही हैं। ऐसे में उत्तरी हवाएं मध्यप्रदेश में आने लगी हैं। मंगलवार और बुधवार को प्रदेश में सर्द हवाएं चलीं, जिससे पारे में गिरावट आई है।

NAME CHANGE

I SKINA W/O MUSTAFA BURHANI HERE BY DECLARE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO SAKINA BURHANI W/O MUSTAFA BURHANI HENCEFORTH, I SHALL BE KNOWN AS SAKINA BURHANI W/O MUSTAFA BURHANI FOR ALL FUTURE PURPOSES.

ADDRESS :- MAKAN 835 WARD NO 06 CENTRAL BANK KE SAMNE SUWASRA - 458888

कार्यालय नगर परिषद नारायणगढ़, जिला-मंदसौर (म.प्र.)

क्रमांक/2293/ई-टेण्डरिंग/2024 नारायणगढ़, दिनांक-20.11.2024

✻✻✻✻ ई-निविदाआमंत्रण सूचना ✻✻✻✻

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2024_UAD_383235_1 दि.20.11.2024 | CONSTRUCTION OF DRY, WET, REJECT, WINDROW PLATFORM, PROCESSING SHED, COMPOSTING PITS & amp; D SHED UNDER SBM-2.0 AT WARD NO. 02, AT MALHARGARH ROAD PAHEDA MAGRA ULB TRENCHING GROUND AT NARAYANGARH DISTRICT MMANDSAUR MP | 03 Months 45,27,126/- | 5000/- 33,953/- | 20.12.2024 5.30 pm |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

ममताकुंवर जयराजसिंह, अध्यक्ष, नगर परिषद नारायणगढ़
वीरेन्द्र रुपरा, उपाध्यक्ष, नगर परिषद नारायणगढ़
किशनकुमार कुसुमाकर, सभापति लोक निर्माण विभाग, नगर परिषद नारायणगढ़
प्रमोद जैन, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद नारायणगढ़

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in